दिनांक : 08.10.2025 समय : 07.10AM

प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी, भोपाल

प्रातःकालीन समाचार

मुख्य समाचार :-

- प्रधानमंत्री मोदी आज दिल्ली के यशोभूमि में नौवीं भारत मोबाइल कांग्रेस का करेंगे उद्घाटन।
- प्रधानमंत्री मोदी आज मुंबई में सबसे बड़े ग्रीनफील्ड हवाई अड्डे का भी करेंगे उद्घाटन।
- प्रदेश में कमिश्नर-कलेक्टर कॉन्फ्रेंस का आज दूसरा दिनः कानून-व्यवस्था और ग्रामीण जनजीवन से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर होगी चर्चा।
- क्रिकेट महिला विश्व कप में कल गुवाहाटी में खेले गए मैच में इंग्लैंड ने बांग्लादेश को चार विकेट से हराया।

प्रधानमंत्री - आईएमसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज सुबह नई दिल्ली के यशोभूमि में नौवीं भारत मोबाइल कांग्रेस का उद्घाटन करेंगे। इसका आयोजन दूरसंचार विभाग और सेल्युलर ऑपरेटर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया ने संयुक्त रूप से किया है। भारत मोबाइल कांग्रेस का विषय इनोवेट टू ट्रांसफॉर्म है। यह आयोजन डिजिटल परिवर्तन और सामाजिक प्रगति के लिए नवाचार को बढ़ावा देने के प्रति भारत की वचनबद्धता का परिचायक है।

प्रधानमंत्री-मुंबई परियोजनाएं

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज मुंबई में भी प्रमुख विकास परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे। भारत को वैश्विक विमानन केंद्र में बदलने के दृष्टिकोण के अनुरूप, प्रधानमंत्री 19 हजार छह सौ 50 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित, भारत के सबसे बड़े ग्रीनफील्ड हवाई अड्डे, नए नवी मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के पहले चरण का उद्घाटन करेंगे। यह हर साल 9 करोड़ यात्रियों और 32 लाख 50 हजार मीट्रिक टन माल की आवाजाही को संभालेगा। प्रधानमंत्री मोदी मुंबई मेट्रो लाइन-3 के फेस 2 बी का लोकार्पण करेंगे।

कैबिनेट निर्णय

आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति ने कल 24 हजार 634 करोड़ रुपये की चार रेल परियोजनाओं को मंज़ूरी दी है। इनमें भुसावल-वर्धा में तीसरी और चौथी, गोंदिया-डोंगरगढ़ में चौथी, वडोदरा-रतलाम की तीसरी और चौथी लाइन तथा इटारसी-भोपाल-बीना में चौथी रेललाइन शामिल हैं। ये चार मल्टीट्रैकिंग परियोजनाएँ महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, गुजरात और छत्तीसगढ़ के 18 जिलों को कवर करेंगी। सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कल नई दिल्ली में कैबिनेट की बैठक के बाद मीडिया को यह जानकारी दी।

बाइट - सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव

कमिश्नर-कलेक्टर कॉन्फ्रेंस-मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में भोपाल में चल रही दो दिवसीय कमिश्नर-कलेक्टर कॉन्फ्रेंस में पहले दिन मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे विकसित भारत विजन-2047 के तहत आने वाले पांच वर्षों की कार्ययोजना पर काम करें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि अधिकारी ग्रामीण क्षेत्रों में रात्रि विश्राम करें, और जनप्रतिनिधियों से निरंतर संवाद बनाए रखें। इस कॉन्फ्रेंस के दूसरे दिन आज कानून व्यवस्था और ग्रामीण जन-जीवन से जुड़े मुद्दों पर चर्चा होगी। कुल तीन सत्र होंगे जिनमे पहला शिक्षा, दूसरा ग्रामीण विकास और जनजातीय कार्य, और तीसरा कानून व्यवस्था पर केंद्रित रहेगा।

जीएसटी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा घोषित जीएसटी बचत उत्सव, समाज के सभी वर्गों को लाभान्वित कर रहा है। हमारे संवाददाता ने बताया है कि जीएसटी सुधारों से पंजाब की अर्थव्यवस्था को व्यापक लाभ होगा।

बाइट-दिलनशी आरजू

पंजाब राज्य कई कृषि और खाद्य वस्तुओं का एक प्रमुख उत्पादक है। नमकीन, अचार, शहद, पनीर और डेयरी उत्पादों पर जीएसटी दर 12 प्रतिशत से घटकर 5 प्रतिशत कर दिया है। यह कदम बेहतर उत्पादन को प्रोत्साहित करेगा और स्थानीय तथा लघु उत्पादकों को लाभान्वित करते हुए आजीविका को बढ़ावा देगा। नए जीएसटी सुधारो के अंतर्गत फुलकारी, कढ़ाई, ऊनी सॉल, हाथ से छपे कपड़े और महिलाओं के सूती कुर्ते सहित कपड़ा उत्पादों पर जीएसटी दर घटकर 5 प्रतिशत हो गया है।

जिससे ये उत्पाद लोगों के लिए किफायती हो जाएंगे। यह कदम न केवल कपड़ा उत्पादों को सस्ता बनाएगा बल्कि उन्हें घरेलू और वैश्विक बाजारों में प्रतिस्पर्धी भी बनाएगा। इस बीच लकड़ी के लाख के खिलौनों पर जीएसटी दर 12 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत करने से पंजाब में खिलौना उद्योग को बढ़ावा मिलेगा। यह कारीगरों की आजीविका को भी मजबूत करेगा और लघु उत्पादन इकाइयों को समर्थन देगा जिससे सांस्कृतिक रूप से समृद्ध शिल्प को संरक्षित करने में मदद मिलेगी। शिवांग के साथ दिलनशी आरजू, आकाशवाणी समाचार दिल्ली।

कफ सिरप

छिंदवाड़ा जिले में कोल्ड्रिफ सिरप से हुई बच्चों की मौत को लेकर प्रशासन लगातार कार्रवाई कर रहा है। कल राज्य स्तर की औषधि नियंत्रण टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए परासिया और छिंदवाड़ा के मेडिकल स्टोर्स से 437 बोतलें जब्त की हैं और पांच दुकानों को सीज़ किया है, जिनमें एक का लाइसेंस भी निलंबित किया गया है। इस सिरप के नमूने जांच के लिए भोपाल प्रयोगशाला भेजे गए हैं और जिले में इस दवा की बिक्री व उपयोग पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि किडनी संक्रमण से प्रभावित बच्चों के इलाज का पूरा खर्च सरकार उठाएगी और इसके लिए तीन सहायता दल नागपुर में बनाए गए हैं, जो उपचाररत बच्चों और परिवारों की मदद कर रहे हैं। इस बीच उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल कल नागपुर पहुंचे। उन्होंने नागपुर में जाकर उपचार प्राप्त कर रहे पांचों बच्चों की स्वास्थ्य स्थिति की जानकारी ली और बच्चों के परिजनों से मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधाया।

यूजीसी नेट पंजीकरण

राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी-एनटीए ने विश्वविद्यालय अनुदान आयोग राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा-यूजीसी नेट दिसंबर-2025 के लिए पंजीकरण प्रक्रिया शुरू कर दी है। आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध लिंक के माध्यम से इच्छुक उम्मीदवार राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा के लिए आवेदन कर सकते हैं।

ब्रिटेन-प्रधानमंत्री दौरा

ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर आज से भारत की दो दिन की यात्रा पर रहेंगे। प्रधानमंत्री स्टार्मर की यह भारत की पहली आधिकारिक यात्रा है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि श्री स्टार्मर और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मुंबई में कल विजन-2035 के विभिन्न पहलुओं में भारत-ब्रिटेन व्यापक रणनीतिक साझेदारी के विभिन्न क्षेत्रों में प्रगति की समीक्षा करेंगे।

महिला विश्व कप

आईसीसी महिला एकदिवसीय क्रिकेट विश्व कप में इंग्लैंड ने बांग्लादेश को चार विकेट से हरा दिया। कल रात गुवाहाटी के बरसापारा क्रिकेट स्टेडियम में बांग्लादेश की टीम 49.4 ओवर में 178 रन पर आउट हो गई।

समाचार संक्षेप में .....

- आगरमालवा जिले के नलखेड़ा स्थित सरदार वल्लभ भाई पटेल महाविद्यालय में आज युवा संगम, रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेला आयोजित होगा।
- झाबुआ में कलेक्टर नेहा मीना के निर्देशानुसार जिला चिकित्सालय में शिशुओं में कफ सिरप के युक्तिसंगत उपयोग के लिए बैठक आयोजित की गई।
- डिंडौरी में कलेक्टर के निर्देशानुसार राजस्व एवं स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त टीम ने नगर में संचालित मेडिकल दुकानों का सघन निरीक्षण किया।
- पंडित बाबूरामचतुर्वेदी स्टेडियम में आयोजित वार्षिक सांसद खेल महोत्सव का शुभारंभ छतरपुर रेंज के डीआईजी विजय खत्री द्वारा किया गया।
- खंडवा कलेक्टर के निर्देश पर कल जिले के सभी एसडीएम तहसीलदार एवं अन्य राजस्व अधिकारियों ने अपने-अपने क्षेत्र के ग्रामों का दौरा कर सोयाबीन फसलों में हुए नुक़सान का जायज़ा लिया।
- धार में भी 1 जुलाई से "राष्ट्र के लिए मध्यस्थता"-90 दिवस नामक एक विशेष अभियान शुरू किया गया था। इसका उद्देश्य राज्य भर में मध्यस्थता के माध्यम से लंबित मामलों का निपटारा करना था।

-------